भजन - कितने दिन और बाबा कितनें दिन और

कितने दिन और बाबा कितनें दिन और, आँखों को तरसाओगे, कितनें दिन और, दर्शनों को तरसेंगे, कितनें दिन और ।।

देखने को तेरी झाँकी, दिल तरसा जा रहा, भक्तो पे तुझे बाबा, तरस ना आ रहा, अर्जी पे भक्तों की, करो थोड़ा गौर, कितनें दिन और, बाबा कितनें दिन और, हमें तरसाओगे, कितनें दिन और ।।

ऐसी क्या नाराजगी, जो बोलते नहीं, कुंडा तेरे मंदिर का, खोलते नहीं, कितना इम्तिहान हमें, देना होगा और, कितनें दिन और, बाबा कितनें दिन और, आँखों को तरसाओगे, कितनें दिन और ।।

जल्दी से खोलो मंदिर, दर्शन करने आऊं, दर्शन मैं तेरे पाकर, चैन प्रभु पाऊँ, तेरे सिवा 'मित्तल' को, दिखे ना कोई और, कितनें दिन और, बाबा कितनें दिन और, हमें तरसाओगे, कितनें दिन और ।।

कितने दिन और, बाबा कितनें दिन और, आँखों को तरसाओगे, कितनें दिन और, दर्शनों को तरसेंगे, कितनें दिन और ।।